लोहनारोड से मुक्तापुर तक बिछेगी नई रेललाइन, सर्वे रिपोर्ट तैयार

Updated:

2016-09-18 16:17:58 IST

रेलवे के निर्माण विभाग ने दूसरे स्तर की सर्वे रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसे रेलवे बोर्ड को भेजा जा रहा है।

दरभंगा। लोहनारोड से मुक्तापुर तक नयी रेल लाइन बिछायी जाएगी। इसको लेकर प्रस्तावित रेल खंड के सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। रेलवे के निर्माण विभाग ने दूसरे स्तर की सर्वे रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसे रेलवे बोर्ड को भेजा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार परियोजना के धरातल पर उतरने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। गुरुवार को निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर के सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि तीन चरण में सर्वे होता है। पहले चरण का काम पहले ही पूरा हो चुका है।

वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इसे रेल बजट में शामिल किया जा सकता है। दूसरे चरण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। दरभंगा से झंझारपुर रेल खंड पर स्थित लोहनारोड स्टेशन से वाया घनश्यामपुर होते हुए यह खंड बिरौल स्टेशन पर जाकर

मिलेगा।

इसके बाद रेल लाइन समस्तीपुर के वारिसनगर होते हुए मुक्तापुर स्टेशन पर जाकर मिलेगी। इस खंड की लंबाई 86 किलोमीटर है। पहले व अंतिम स्टेशनों के अलावा बिरौल को छोड़ छह स्टेशन फिलहाल तय किए गए हैं। खंड के सर्वे का निर्णय पहले ही लिया गया था।